# बालमन

Powered by Teachers of Bihar




वर्ष 2024
माह अगस्त
अंक 32

प्रधान संपादक :- धीरज कुमार [U.M.S. सिलौटा , भभुआ (कैमूर)]

Dheeraj Kumar- +91 9431680675

Teachers of Bihar - +91 7250818080

info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com

www.teachersofbihar.org

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,

(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)




## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्‌देश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में साकारात्मक सोंच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

TEACHERS OF BIHAR

# बालमन

## सम्पादकीय



**प्यारे बच्चों ,**

**आप सभी को ढेर सारा प्यार,**

देश के लिए अपनी जान देने वालो अमर शहीदों को नमन करते हुए आप सभी स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। बच्चों!आप सभी की प्रतिभा को एक नई पहचान और उड़ान देने के लिए टीचर्स ऑफ बिहार बालमन की परिकल्पना मेरे द्वारा की गई।आज इस मंच के माध्यम से आपके बहुत सारे प्रतिभा को सभी के द्वारा खूब पसंद किया जा रहा हैं।

प्यारे बच्चों! इस महीने रक्षा बंधन भी हैं आपको एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अपने पर्यावरण के लिए भी निभानी हैं।हमसभी को मिलकर पेड़ लगाने हैं और उनकी देखभाल करते हुए रक्षा सूत्र बांधना है।

आपको यह अंक प्रस्तुत करते हुए हमे बहुत खुशी है।अनजाने में किसी भी भूल या त्रुटि के लिए क्षमाप्रार्थी हूं।

हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

आपका

धीरज कुमार

प्रधान संपादक ToB बालमन

शिक्षक U.M.S. सिलौटा, भभुआ

कैमूर (बिहार)

# ToB बालमन

## सहयोगी सदस्य

### ★श्री प्रमोद कुमार निराला

ToB बालमन चांद
(प्रधान संपादक)
कन्या मध्य विद्यालय चांद
[प्रखंड चांद]
(कैमूर)



### ★ श्री राकेश कुमार मणि

(रोचक गणित+दर्शनीय स्थल)



U.H.S. कोटा, नुआंव
(कैमूर )

### ★ श्री राजेश कुमार सिंह

(विज्ञान कॉर्नर)



M.B.+2 हाई स्कूल कोरिंगावा
बहेरा,भभुआ
( कैमूर )

### ★ श्री अवधेश राम



(शिक्षण अधिगम सामग्री)

उत्क्रमित मध्य विद्यालय
बहुआरा
भभुआ (कैमूर)

### ★श्रीमती पुनीता कुमारी

(पर्यावरण अध्ययन)



राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी
बरौली(गोपालगंज)

# Teachers of Bihar

## अनमोल विचार

बालमन

सीखना ही एकमात्र ऐसी चीज़ है जिससे मन कभी थकता नहीं, कभी डरता नहीं और कभी पछताता नहीं।

**लियोनार्डो दा विंची**



राकेश कुमार

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंज़िल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखेरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इंद्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...


हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही है
जो हजारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org








# बालमन




## टीचर्स ऑफ बिहार बालमन की कलम से...

इस धरती पर जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चों में कुछ न कुछ विशेष प्रतिभा जरूर होती हैं। हम ये भी कह सकते है की हर बच्चे कलाकार होते हैं। घर के आंगनरूपी विद्यालय से माता-पिता और अभिभावकों के बीच बच्चें अपनी कला प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय में भी बच्चें अपने मार्गदर्शक शिक्षको के सानिध्य में अपनी कला को प्रदर्शित करते हैं।

# बालमन क्या हैं ?


सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभा और कलाकारी केवल विद्यालयों तक सीमित न रहते हुए राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए,इसी उद्देश्य से बच्चों के मन में कला के प्रति उत्पन्न सोच को विभिन्न रूपों में एक जगह संग्रहित कर सम्मानित सह प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टीचर्स ऑफ बिहार के सौजन्य से बालमन पत्रिका की शुरुआत की गई। बालमन पत्रिका बच्चों के लिए एक प्लेटफॉर्म है जिसके माध्यम से दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चें उत्साहपूर्वक अपनी कला का प्रदर्शन करते है और अपनी कला और प्रतिभा के लिए बालमन द्वारा सम्मानित भी होते हैं। बालमन पत्रिका राज्य स्तर, जिला स्तर,प्रखंड,स्तर,संकुल स्तर और विद्यालय स्तर पर भी बच्चों के लिए बहुत उपयोगी,ज्ञानवर्धक और रोचक ज्ञान से परिपूर्ण एक मासिक e - पत्रिका है।


www.teachersofbihar.org/publication/balman

# ToB बालमन प्रेरक प्रसंग



# संगत का असर





एक बार एक राजा शिकार के उद्देश्य से अपने काफिले के साथ किसी जंगल से गुजर रहा था। दूर-दूर तक शिकार नजर नहीं आ रहा था, वे धीरे-धीरे घनघोर जंगल में प्रवेश करते गए।अभी कुछ ही दूर गए थे की उन्हें कुछ डाकुओं के छिपने की जगह दिखाई दी। जैसे ही वे उसके पास पहुचें कि पास के पेड़ पर बैठा तोता बोल पड़ा- पकड़ो पकड़ो एक राजा आ रहा है इसके पास बहुत सारा सामान है लूटो लूटो जल्दी आओ जल्दी आओ।



तोते की आवाज सुनकर सभी डाकू राजा की और दौड़ पड़े। डाकुओं को अपनी और आते देख कर राजा और उसके सैनिक दौड़ कर भाग खड़े हुए. भागते-भागते कोसो दूर निकल गए. सामने एक बड़ा सा पेड़ दिखाई दिया।कुछ देर सुस्ताने के लिए उस पेड़ के पास चले गए, जैसे ही पेड़ के पास पहुचे कि उस पेड़ पर बैठा तोता बोल पड़ा- आओ राजन हमारे साधु महात्मा की कुटी में आपका स्वागत है। अन्दर आइये पानी पीजिये और विश्राम कर लीजिये।

तोते की इस बात को सुनकर राजा हैरत में पड़ गया और सोचने लगा की एक ही जाति के दो प्राणियों का व्यवहार इतना अलग-अलग कैसे हो सकता है। राजा को कुछ समझ नहीं आ रहा था. वह तोते की बात मानकर अन्दर साधु की कुटिया की ओर चला गया, साधु महात्मा को प्रणाम कर उनके समीप बैठ गया और अपनी सारी कहानी सुनाई। और फिर धीरे से पूछा, “ऋषिवर इन दोनों तोतों के व्यवहार में आखिर इतना अंतर क्यों है।”

साधु महात्मा धैर्य से सारी बातें सुनी और बोले, ये कुछ नहीं राजन बस संगति का असर है। डाकुओं के साथ रहकर तोता भी डाकुओं की तरह व्यवहार करने लगा है और उनकी ही भाषा बोलने लगा है. अर्थात् जो जिस वातावरण में रहता है वह वैसा ही बन जाता है।

सोशल मीडिया से

# पद्य पंकज

“

तृप्त हृदय को सरस स्नेह से,
जो सहला दे,मित्र वहीं है।
रूखे मन को सराबोर कर,
जो नहला दे,मित्र वहीं है।
प्रिय वियोग,संतृप्त चित्त को,
जो बहला दे,मित्र वहीं है।
अश्रु बूंद की एक झलक से,
जो दहला दे,मित्र वहीं है।

**मैथिली शरण गुप्त**


Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

# बालमन

## मन की बात




टीचर्स ऑफ बिहार बालमन बहुत ही आकर्षक, सुन्दर एवं ज्ञानवर्धक पत्रिका हैं। यह पत्रिका बच्चों के लिए उत्साहवर्धक एवं अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। बालमन की पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं 💐💐



**पुष्पा प्रसाद (शिक्षिका)**
**राजकीय कन्या मध्य विद्यालय**
**कुचायकोट(गोपालगंज)**

टीचर्स ऑफ बिहार बालमन पत्रिका बिहार और यहां की शिक्षा व्यवस्था के सकारात्मक परिणाम का लघु दर्शन है। यह मासिक पत्रिका बच्चों के साथ शिक्षको के लिए भी बहुत उपयोगी और ज्ञानवर्धक है।बालमन टीम के इस सराहनीय कार्य के लिए बहुत बहुत बधाई।



**दीप्ति सिंह(शिक्षिका)**
**मध्य विद्यालय चांद**
**कैमूर**

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024

## में चयनित





सिकेन्द्र कुमार सुमन
न्यू प्राथमिक विद्यालय तरहनी
कैमूर, बिहार

डॉ मिनाक्षी कुमारी
शिवगंगा बालिका प्लस 2 उच्च
विद्यालय मधुबनी
बिहार



को टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

# ToB बालमन अंतर खोजे

# 30 सेकंड में 5 अंतर खोजे





# विश्व के धरोहर



## काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान भारत के असम राज्य का एक राष्ट्रीय उद्यान है। यह उद्यान एक सींग का गैंडा (भारतीय गेंडा) के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है।इसे वर्ष 1974 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान पूर्वी भारत के उन अंतिम क्षेत्रों में से एक है जहाँ मानव उपस्थिति से कोई व्यवधान नहीं है। यहाँ एक सींग वाले गैंडों की दुनिया की सबसे बड़ी आबादी रहती है। साथ ही बाघ, हाथी, तेंदुआ और भालू जैसे कई स्तनधारी जीव और हज़ारों पक्षी भी रहते हैं।42,996 हेक्टेयर में फैला और असम राज्य में स्थित यह ब्रह्मपुत्र घाटी के बाढ़ क्षेत्र में सबसे बड़ा अछूता और प्रतिनिधि क्षेत्र है।।01 जून 1905 को काजीरंगा प्रस्तावित रिजर्व वन क्षेत्र के साथ बनाया गया था।काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान को वर्ष 1985 में विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था।

धीरज कुमार
UMS सिलौटा, भभुआ, कैमूर

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




15 अगस्त
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
© indiacsr.in
/teachersofbihar

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन नन्हें कलाकार भाग 1




अभिषेक कुमार ,वर्ग 7 B
( मध्य विद्यालय चांद, कैमूर)



लक्ष्मीना कुमारी
UMS सिलौटा, कैमूर



राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कुचायकोट, गोपालगंज



Chandani kumari ,class -8
R. B. S. Ailay Chand, Kaimur



प्रा0 वि0 प्रखंड कॉलोनी फुलवारी शरीफ पटना



मध्य विद्यालय सोनहन, कैमूर

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# ToB बालमन
# नन्हें कलाकार
# भाग 2

NPS ढढणिया, कैमूर









प्र 0 वि0 प्रखंड कॉलोनी फुलवारी शरीफ पटना



राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी,बरौली, गोपालगंज




राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कुचायकोट, गोपालगंज



उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा, भभुआ, कैमूर



मध्य विद्यालय अखलासपुर, कैमूर

# ToB बालमन कलाकार
# भाग 3



हेकॉक मध्य विद्यालय लहरियासराय, दरभंगा






UMS अर्रा, मोहनियां, कैमूर



प्रा0 वि0 प्रखंड कॉलोनी फुलवारी शरीफ ,पटना



UHS भेकास, भभुआ, कैमूर



U.M.S. अमांव, चैनपुर, कैमूर



UMS दुघरा,भभुआ, कैमूर

# ToB बालमन कलाकार भाग 4





















# TEACHERS OF BIHAR

## बाल मन नन्हें कलाकार भाग 5



वर्ग 7 वीं की छात्रा संतिमा कुमारी ने
इंस्ट्रूमेंट बॉक्स बनाया
( उत्क्रमित मध्य विद्यालय भोखरी, कैमूर)



UMS चंदा, चांद , कैमूर



राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कुचायकोट, गोपालगंज




वर्ग 7 वीं की छात्रा आकांक्षा वर्मा,इंस्ट्रूमेंट बॉक्स
( उत्क्रमित मध्य विद्यालय भोखरी, कैमूर)



Ums jhitkahiyan rampur Block + dist - Vaishali



UHS नरहन, रामगढ़, कैमूर


भारत रत्न
25 दिसंबर 1924
16 अगस्त 2018
भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, कवि,प्रखर वक्ता
अटल बिहारी वाजपेयी
की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
/teachersofbihar

# एक नज़र इधर भी......



मध्य विद्यालय बेला गोपी
मुजफ्फरपुर





UHS सोनवर्षा, नुआंव, कैमूर





Ramodadi प्राथमिक शाला,
गुजरात

# स्वास्थ्य सुझाव

अमरेंद्र कुमार



यदि आप भी सुबह उठते ही खाली पेट चाय का सेवन करते हैं तो ये आपके सेहत के लिए गंभीर साबित हो सकता है। रूटीन बनाएं कि सुबह उठें और गुनगुना पानी पिएं। गुनगुने पानी के सेवन से आपका पाचन तंत्र भी मजबूत रहेगा वहीं अनेकों बीमारियां शरीर से दूर होती जाएंगी। यदि आप सुबह सुबह उठते ही चाय या कॉफी का सेवन करते हैं तो इसका आपकी सेहत पर खराब असर पड़ सकता है और आप बीमार भी हो सकते हैं। कोशिश करें कि पहले पानी का सेवन करें फिर कुछ खाएं।



अगस्त 2024

# TEACHERS OF BIHAR

बालमन

## अजब गजब

1 एक व्यक्ति एक दिन में जितनी बार अपनी पलकें झपकाता है वो कम से काम आधे घंटे आँख बंद होने के बराबर होता है।

2 मेघालय राज्य में उमंगोट नदी को भारत की सबसे साफ नदी कहा जाता है।

3 एक सर्वे के अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।

4 लोकप्रिय खेल “सांप और सीढ़ी” की उत्पत्ति भारत में हुई।

5 इंसान के शरीर की एक चौथाई हड्डिया पैरो में होती है



18 अगस्त 1900-1 दिसम्बर 1990


स्वतंत्रता सेनानी एवं संयुक्त राष्ट्र की प्रथम महिला अध्यक्ष

## विजय लक्ष्मी पंडित

की जयंती पर सादर नमन।

Madhu priya

www.teachersofbihar.org



## "माउंटेन मैन "

## दशरथ मांझी

की पुण्यतिथि पर नमन ।

14 जनवरी 1934-17 अगस्त 2007

www. teachers of bihar.org.

Madhu priya

# ToB बालमन

## हँसना जरूरी है...

पति - क्यों न आज की चाय बाहर पी जाये?

पत्नी - क्यों? तुम्हें क्या लगता है मैं चाय बनाते बनाते थक गई हूं

पति - नहीं, पर मैं प्लेट- कप साफ करते-करते तंग आ गया हूँ।

---

चिंटू: सर "आई एम गोइंग "का क्या मतलब हुआ ?
शिक्षक : मैं जा रहा हूं ।




चिंटू : सर ,पहले बता कर जाइए।
शिक्षक : बोले ना की मैं जा रहा हूं।



चिंटू : अरे वाह सर ! ऐसे कैसे जाने दू बिना मतलब बताए हुए।

# ToB बालमन विशेषांक

साप्ताहि

## विषय : सामान्य ज्ञान

धीरज कुमार (शिक्षक)
UMS सिलौटा, भभुआ,
कैमूर, बिहार

## महत्वपूर्ण संगठन (Important Organization

| संगठन | संस्थापक | स्थापना वर्ष |
|---|---|---|
| >>> ब्रह्म समाज | राजा राम मोहन राय | वर्ष 1828 |
| >>> प्रार्थना समाज | आत्मा राम पांडुरंग | वर्ष 1867 |
| >>> आर्य समाज | स्वामी दयानंद सरस्वती | वर्ष 1875 |
| >>> रामकृष्ण मिशन | स्वामी विवेकानंद | वर्ष 1897 |
| >>> सत्यशोधक समाज | ज्योति बा फूले | वर्ष 1873 |
| >>> फॉरवर्ड ब्लॉक | सुभाष चन्द्र बोस | वर्ष 1939 |
| >>> गदर पार्टी | लाला हरदयाल | वर्ष 1913 |

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 1

बालमन


आपके पेंटिंग

PS dhobi tola tiraskund arariya






U.M.S. सिलौटा, भभुआ कैमूर



Shivam kumar
Class 10
M. S. Ranti
Madhubani

प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर , मोहनियां, कैमूर





शबनम खातून
वर्ग -7,UHS SALTHUA, KUDRA, KAIMUR

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 2













मध्य विद्यालय धवलपुरा, सुलतानगंज, भागलपुर

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 3

मध्य विद्यालय भेकास
भभुआ, कैमूर




मध्य विद्यालय पाढ़ी
चांद,कैमूर








खुशबु कुमारी
वर्ग नौ
UHS रांटी, मधुबनी





Anshika Pallavi from class 7
PM Shri kv kankarbagh Patna, Bihar

# ToB बालमन आपके पेंटिंग
# भाग 4



परिधि कुमारी
वर्ग 6, UMS सिलौटा, कैमूर



Priyanka Kumari class 5
P S KHANETHI



aradhya kri 6th वैशाली
ums jhitkahiyan rampur,vaishali



UHS कोटा, नुआंव, कैमूर





राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय आइलाय, कैमूर

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 5



UHS कोटा, नुआंव, कैमूर



Class 2 Pawan Kumar UMS Mushiyan nuaon



प्राथमिक विद्यालय बड़की बलियारी , बिक्रम, पटना



उर्दू मध्य विद्यालय मोकरी, भभुआ, कैमूर




प्राथमिक विद्यालय जगरिया, कैमूर

**Teachers of Bihar**
The change makers


# रक्षाबंधन विशेष

राकेश कुमार




रक्षाबन्धन भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बन्धन बांधती है, जिसे राखी कहते हैं। यह एक हिन्दू व जैन त्योहार है जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। श्रावण (सावन) में मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी (सावनी) या सलूनो भी कहते हैं।





TEACHERS OF BIHAR · THE CHANGE MAKERS

# TOB बूझो तो जानें..

संजय कुमार + धीरज कुमार

## बालमन

अगस्त 2024

**1**

पूंछ कटे तो सीता।
सिर कटे तो मित्र
मध्य कटे तो खोपड़ी।
पहेली बड़ी विचित्र।

**2**


देहरादून निकट है
अधिक नही है दूरी।
पहाड़ों की रानी कहलाती
आदि कटे तो सूरी।

**3**

भाई के कलाई की शोभा
ये पर्व है प्यार का।
रिश्तों की डोर से बंधकर
बहन की रक्षा करना भैया।

**4**

इस दिन आजाद हुआ भारत।
मिली गुलामी से आजादी
लहराया तिरंगा हमारा,
इसके लिए कई चढ़ गए फांसी।



उत्तर 1- सियार,2- मसूरी , 3- रक्षा बंधन 4- 15 अगस्त

# ToB बालमन एकांकी

अगस्त 2024

# बालक वीरा की देशभक्ति

पात्र : - 1. सूत्रधार 2. वीरा(नन्हा भगत सिंह) 3. भगत सिंह के पिता सरदार किशन सिंह संधू 4. बालक कुलतार ( भगत सिंह के भाई)

सूत्रधार (नेपथ्य से स्वर)

यह भारत की आजादी के पहले की कहानी है। यह घटना देश के महान देश भक्त भगत सिंह के बचपन की है। बचपन में बालक भगत सिंह को परिवार के लोग उन्हें वीरा कहकर बुलाते थे ।

हम गाथा सुनाते हैं उन शहीदों की
जो देश की खातिर हुए बलिदान
उनकी त्याग और तपस्या को
सदा याद रखेगा हिन्दुस्तान

प्रथम दृश्य (भगत सिंह का घर)

सरदार किशन सिंह - ( भगत सिंह को पुकारते हैं) वीरा वीरा.... कहां है बेटा ( स्वयं से) आज तो वीरा के स्कूल की छुट्टी है। फिर इतनी सुबह- सुबह न जाने कहां चला गया?

सरदार किशन सिंह ( फिर से आवाज देते हैं) वीरा... वीरा

( बालक कुलतार का प्रवेश)

सरदार किशन सिंह - पुत्तर कुलतार, क्या तुमने वीरा को देखा है?

बालक कुलतार - हां पिता जी, मैंने वीरा को खेतों की ओर जाते हुए देखा है

सरदार किशन सिंह - इतनी सुबह खेतों में क्यों गया है?

बालक कुलतार - हां , हां ..मुझे याद है भइया कह रहे थे कि मैं खेत में बीज बोने जा रहा हूं।

सरदार किशन सिंह - ( हंसते हैं) तो मेरा नन्हा सा वीरा खेती किसानी करने खेतों में गया है। मैं भी जाकर देखता हूं कि वह खेतों में कौन से बीज बोने गया है।

दूसरा दृश्य

( खेत का दृश्य है बालक वीरा हाथों में कुदाल लेकर खेतों में कुछ कर रहा है)

सरदार किशन सिंह - ( आवाज लगाते हैं) वीरा ओ वीरा

बालक वीरा - हां पिता जी

सरदार किशन सिंह - वीरा,क्या कर रहे हो?

बालक वीरा -भारत माता की जय... भारत माता की जय । पिता जी, अब हमें देश को गुलाम बनाने वाले अंग्रेजों से टक्कर लेना है और अपनी मार्तभूमि की रक्षा करनी है । यदि फिरंगियों के पास ढेर सारी बंदूकें हैं तो अब हमारे पास भी बहुत सारी बंदूकें होंगी। हम अंगेजों को हिंदुस्तान से भगा कर ही दम लेंगे।

सरदार किशन सिंह - बेटा वीरा, हम सब यही चाहते हैं कि हमारा हिन्दुस्तान जल्द से जल्द आजाद हो। लेकिन आज तुम खेतों में क्या कर रहे हों?

बालक वीरा - (पिता की अंगुली पकड़कर) मेरे साथ चलिए पिता जी, मैं आपको दिखाता हूं कि मैं इन खेतों में क्या कर रहा था।

सरदार किशन सिंह - हां हां चलो

( बालक वीरा दिखाता है उसने जमीन में एक बंदूक गाड़ी हुई है)

बालक वीरा- ये देखिए पिता जी

सरदार किशन सिंह ( आश्चर्य से) यह क्या है वीरा पुत्तर

बालक वीरा ( सीना तानकर) पिता जी, मैंने जमीन में बंदूक बो दी है । कल को ढेर सारी बंदूकें हमारे खेतों में उगेंगी और उन हथियारों से हम अंग्रजों के मुकाबला कर अपने देश को आजाद करा देंगे।

सरदार किशन ( भावुक होकर होकर गले लगा लेते हैं ) बालक वीरा, तुम हिंदुस्तान के सच्चे सपूत हो। वीरा, जिस देश में तुम जैसे देशभक्त बालक हैं वह देश अधिक दिनों तक गुलाम नहीं रह सकता । आज हिन्दुस्तान के बच्चे- बच्चे में देश को आजाद कराने का जज्बा है। अब वह दिन दूर नहीं, जब हम सबका देश को अंग्रजों के चुंगल से मुक्त कराने का सपना पूरा होगा।

## सूत्रधार (नेपथ्य से स्वर)

15 अगस्त 1947 के दिन हमारा देश आजाद हुआ और अब भारत आजादी की खुली हवा में सांस ले रहा है।

शहीद भगत सिंह का सपना सच हुआ।

जय हिंद जय भारत।





## लेखक परिचय


शरद कुमार वर्मा (शिक्षक)
रेलवे हायर सेकेंड्री स्कूल ,चारबाग,लखनऊ
उत्तर प्रदेश
9838214110




# TOB बालमन

## व्यक्ति विशेष

अगस्त 2024



धीरज कुमार
प्रधान संपादक
ToB बालमन

## नील आर्मस्ट्रांग

नील एल्डन आर्मस्ट्रांग (05अगस्त 1930 – 25 अगस्त 2012) एक अमेरिकी खगोलयात्री और चंद्रमा पर कदम रखने वाले पहले व्यक्ति थे। इसके अलावा वे एक एयरोस्पेस इंजीनियर, नौसेना अधिकारी, परीक्षण पायलट और प्रोफ़ेसर भी थे। खगोलयात्री (ऍस्ट्रोनॉट) बनने से पूर्व वे नौसेना में थे। नौसेना में रहते हुए उन्होंने कोरिया युद्ध में भी हिस्सा लिया। नौसेना के उन्होंने पुरुडु विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि ली और तत्पश्चात् एक ड्राइडेन फ्लाईट रिसर्च सेंटर से जुड़े और एक परीक्षण पायलट के रूप में 900 से अधिक उड़ानें भरीं। यहाँ सेवायें देने के बाद उन्होंने दक्षिण कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से परास्नातक की उपाधि हासिल की।वर्ष 1958 में आर्मस्ट्रांग को अमेरिकी एयर फ़ोर्स द्वारामैन इन स्पेस सूनसेट प्रोग्राम के लिये चुना गया। इसके पश्चात् उन्हें 1960 के नवंबर में ऍक्स-20 डाइना-सो'र के टेस्ट पायलट के रूप में और बाद में 1962 में उन सात पायलटों में चुना गया जिनके अंतरिक्ष यात्रा की संभावना थी जब इस यान की डिजाइन पूर्ण हो जाये।[

---

**Teachers of Bihar**
**The Change Makers**

# ToB बालमन

Class 5
EVS

## खेल

* हमारे आस-पास तथा विद्यालयों में बहुत सारे खेल खेले जाते हैं।

* कुछ खेल घर के अंदर खेले जाते हैं, तो कुछ खेल घर के बाहर।

* अधिकांश बच्चे समूह में एक साथ क्रिकेट, खो-खो, फ़ुटबॉल, कबड्डी , पकड़म- पकड़ाई, पोशम्पा खेलते हैं।

* कुछ ऐसे भी खेल होते हैं ,जिसमें सिर्फ दो व्यक्ति ही खेलते है जैसे- शतरंज, बैडमिंटन, कुश्ती इत्यादि।

### कुछ खेलों की सूची

1. सूई-धागा दौड़
2. कुर्सी-दौड़
3. नौका-दौड़
4. लुका-छिपी
5. गुड्डा-गुड़िया
6. लुडो




पुनीता कुमारी
राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी
बरौली ( गोपालगंज)

# पेन और पेंसिल आर्ट भाग 1














# पेन और पेंसिल आर्ट भाग 2



Sudhir Kumar
Class- 11
UHS कोटा नुआंव, कैमूर के प्रधानाध्यापक



मध्य विद्यालय भेकास, कैमूर



नन्दिनी कुमारी कक्षा 6 मध्य विद्यालय पाढ़ी चांद, कैमूर

Khushi class -IV
M. S. Salthua Kudra





Raj Laxmi Kumari,+2 Utkramit Uchch Vidyalaya Ahinaura,mohania ,class-9

23 अगस्त




Madhu priya

www.teachersofbihar.org

# ToB बालमन कविता

## वर्षा ऋतु

रिमझिम वर्षा आती है,
सबके मन को भाती है।
बादल गरज कर जाता है,
कितना शोर मचाता है।
हर तरफ सिर्फ हरियाली लहराता है।
रिमझिम वर्षा आती है,
सबके मन को भाती है।
बिजली चमक कर जाती है।
सावधानी का संदेश सुनाती है।
हर जगह हर पल बस यही बात याद आती है।
रिमझिम वर्षा आती है।
सबके मन को भाती है।
किसान को खुश कर जाती है।
जब भी वर्षा आती है।
रिमझिम वर्षा आती है।
सबके मन को भाती है।
हरा भरा हो जाता संसार
सबको आता इसपर प्यार।
चिड़िया बैठी डाली पर
ये संदेश सुनाती है।
रिमझिम वर्षा आती है
सबके मन को भाती है।।




आकृति कुमारी
वर्ग 8
उत्क्रमित मध्य विद्यालय अर्रा,मोहनियां
कैमूर, बिहार


# ToB बालमन कविता

अगस्त 2024

## जय श्री कृष्णा

अत्याचार जब कृष्ण ने बढ़ाया
देवकी का हुआ ब्याह
भविष्यवाणी की थी देवों ने ,
देवकी का आठवां पुत्र करेगा
कंस का संहार

जब पता चला यह कंस को
हो उठा कंस अधीर क्रोध
में भूल गया बहन थी
उसकी प्यारी देवकी

उसके सात बच्चों को मारा ।
आठवें पुत्र का जन्म हुआ तो ,
दुखी हो गए वासुदेव
इसको भी मारेगा कंस
तभी हुआ एक चमत्कार

बेड़ियां खुल गई खुल गए ताले
सो गए पहरेदार
खुश हुए वासुदेव
पहुंचे जमुना के पार।

नंदलाल के घर दिया बच्चा
वो बच्चा ही वह बन गया कृष्ण
फिर हुआ कंस का संहार
होनी कभी ना टाल सकी है
होनी होकर ही रहती है






नीलू कुमारी (छात्रा)
वर्ग 8
उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुघर
भभुआ(कैमूर)

# ToB Black Board Work

उर्दू प्राथमिक विद्यालय कोहारी कैमूर




मध्य विद्यालय सोनहन, कैमूर




UMS MOHANPUR, KUDRA




मध्य विद्यालय सुरी गांव,पूर्णिया




UMS सिलौटा, कैमूर




UMS करकटगढ कैमूर




राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी, गोपलगंज



मध्य विद्यालय ओदार, कैमूर






# ToB बालमन क्विज

**1**

भारत का बिस्मार्क किसे कहते हैं ?

A. भगत सिंह B. सरदार पटेल

C. राजेंद्र प्रसाद D.रवींद्र नाथ टैगोर

**2**

रुपया किस देश की मुद्रा नही हैं?

A. पोलैंड B. भारत

C. पाकिस्तान D. बांग्लादेश

**3**

राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता हैं ?

A. 12 अगस्त B. 21 जून

C. 26 जुलाई D. 29 अगस्त

अगस्त 2024

**4**

किस शहर को भारत का स्कॉटलैंड कहते हैं?

A.दुर्ग B. मुंबई

C. कुर्ग D. मैसुर

**5**

सत्य शोधक स्थापना की किसने की ?

A.ईश्वर चंद्र विद्यासागर B.ज्योतिबा फुले

C. विनोबा भावे D. राजा राममोहन राय

सही उत्तर: 1.B ,2.A ,3.D,4.C,5.B

धीरज कुमार
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा भभुआ कैमूर



# ToB बालमन कविता

अगस्त 2024

## स्वतंत्रता दिवस



अंग्रेजो को जब भाती थी यह
हिंदुस्तान,
उन्हों ने इस पर चलाई अपनी  जुल्मी शासन,
आजादी पाने के लिए  कितनो ने दी आपनी
प्राण,
तब हर ऐक हिंदुस्तानी बन गया वीर जवान ।



अलग - अलग राज्य के अलग है परिधान,
भिन्न  - भिन्न है रहन - सहन,
भिन्न - भिन्न  है खान - पान,
पर सब के दिलो में देश भक्ती है एक समान।







पुछे हम अपने आप  से एक सवाल,
क्या वाकई हुआ है भारत आजाद?
महिलाओं को न मिली पुरी सुरक्षा अब तक,
जात - पात को लेकर उलझे रहेंगे कब तक।







आओ हम करे कुछ ऐसा,
एक वीर योघ्दा जैसा,
अगर बन जाए हम सब सच्चे,
बन जाएगा देश हमारा सब से अच्छा।

नाम- अक्स नाज
कक्षा -11
ठाकुरगंज
(किशनगंज)

# ToB बालमन कविता

अगस्त 2024

## रक्षाबंधन



नाता अटूट है- बहन और भाई,
रेशम का धागा औ' भाई की कलाई,
बहन के लिए क्या-क्या सौगातें आयीं,
प्रेम की, रक्षा की, कितनी खुशहाली छायी,
राखी के ऋण से ही कृष्ण हस्तिनापुर में,
याज्ञशेनी द्रुपदसुता की मान-लाज बचाई,
विवेकानंद शिकागो में जब वाचन किया-
अभूतपूर्व ये दोनों शब्द- बहन और भाई,
इन शब्दों ने उन्हें प्रथम तालियाँ दिलवायी,
भारत का यह पर्व  जाने क्या कुछ छोड़ गया,
कन्याओं ने नृपों को राखी दे रक्षा-नाता जोड़ लिया,
रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहन का प्रेम दर्शाता है,
रेशम के धागे से ही रक्षा का अटूट नाता जुड़ जाता है।



गिरीन्द्र मोहन झा (शिक्षक)
+2 भागीरथ उच्च विद्यालय चैनपुर-पड़री, सहरसा



अगस्त 2024

# ToB बालमन कविता



## प्रकाश के खेल

किरणें जो सतह से टकराए
कहलाती हैं आपतित,
टकरा कर लौटती किरणें
कहलाती हैं परावर्तित..



अभिलम्ब आपतन बिंदु पर,
किरणें आपतित व परावर्तित,
होते हैं तीनों एक ही तल पर,
सर्वदा एक दूसरे से सम्बंधित..



हो सतह यदि चिकनी-समतल
तो परावर्तन होता है नियमित,
हो सतह रुखड़ी, उबड़-खाबड़
तो परावर्तन होता है विसरित..

परावर्तित होते हैं उसी कोण से,
जिस कोण से हों वो आपतित,
नियम दो हैं यही परावर्तन के,
जिनसे है परावर्तन अनुशासित..

किरणें नियमों से ही चलतीं,
चाहे नियमित हो या विसरित,
बस सतह मिले कोइ अपारदर्शी
चंदा, दर्पण या प्राणी जीवित..

खेल प्रकाश के बड़े निराले
हमको करते रहते हैं विस्मित,
रंग अनोखे, कृत्य अनोखे,
सबको करते रहते हैं ऊर्जित..



ओम प्रकाश(शिक्षक)
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय दखली टोला
पीरपैंती, भागलपुर

मध्य विद्यालय दरगाहीगंज ,अररिया




उच्च माध्यमिक विद्यालय बकसडा, करहगर,रोहतास



*ToB* बालमन

# चेतना सत्र



U.M.S. भुसकौल, पूसा, समस्तीपुर



उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेतरी
भभुआ,कैमूर

# TEACHERS OF BIHAR



पौधारोपण



NPS बिंद टोला बेतरी, भभुआ



राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कुचायकोट गोपालगंज



NPS ढढणिया, भभुआ



उर्दू प्राथमिक विद्यालय अखलासपुर भभुआ, कैमूर



म० वि० जमगांव, जगदीशपुर भागलपुर



UHS AKAUNI CHAND, Kaimur

# ToB बालमन

## पत्तो और फूलों से कलाकारी



आंचल कुमारी, वर्ग -7 ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय -खजरा, मोहनिया, कैमूर



उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुघरा कैमूर



खुशी कुमारी ,वर्ग- 6, उत्क्रमित मध्य विद्यालय- खजरा, मोहनिया, कैमूर



प्राथमिक विद्यालय जगरिया, कैमूर



UMS अर्रा, मोहनियां कैमूर



राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, कुचायकोट गोपालगंज

unicef

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम
## (सुरक्षित शनिवार)

Rakesh Kumar
Middle School Balua Maner (Patna)

### माह: अगस्त

CHILD HELPLINE 1098

| | |
|---|---|
| प्रथम शनिवार<br>दिनांक 03.08.2024 | पेयजल की अशुद्धता से होने वाले खतरे एवं उसके उपाय के बारे में जानकारी।  |
| द्वितीय शनिवार<br>दिनांक 10.08.2024 | बाढ़ से खतरे एवं बचाव के उपाय कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास ( मॉकड्रिल )  |
| तृतीय शनिवार<br>दिनांक 17.08.2024 | सांप-बिच्छु एवं अन्य विषैले जीव-जंतुओं के काटने से होनेवाली परेशानियों एवं समाधान के सन्दर्भ में जानकारी।  |
| चतुर्थ शनिवार<br>दिनांक 24.08.2024 | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी ।  |

किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में
बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

### माह: सितंबर

CHILD HELPLINE 1098

| | |
|---|---|
| प्रथम शनिवार<br>दिनांक 07.09.2024 | डायरिया के सम्बन्ध में जानकारी तथा ओ. आर. एस. बनाने से संबंधित कौशल प्रशिक्षण एवं अभ्यास  |
| द्वितीय शनिवार<br>दिनांक 14.09.2024 | रेल / सड़क दुर्घटना से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी  |
| तृतीय शनिवार<br>दिनांक 21.09.2024 | भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी ( मॉकड्रिल )  |
| चतुर्थ शनिवार<br>दिनांक 28.09.2024 | बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल शोषण तथा बच्चों से छेड़छाड़ के सन्दर्भ में जानकारी  |

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

# सुरक्षित बैगलेस शनिवार




म०वि०सुरीगाँव बायसी पूर्णियाँ




राजकीय उ० मध्य विद्यालय सेनुअरिया , चनपटिया,पश्चिमी चम्पारण




UMS दुघरा, भभुआ कैमूर



UMS खजरा, मोहनियां , कैमूर




राजकीय मध्य विद्यालय बरौली , गोपालगंज

## राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त



"राष्ट्रीय खेल दिवस" हॉकी के महान खिलाड़ी "मेजर ध्यानचंद" की जयंती के दिन मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस विभिन्न देशों में राष्ट्रीय खेल टीमों और उन देशों की खेल परंपराओं का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन विभिन्न आयु वर्ग के लोग कबड्डी, मैराथन बास्केटबॉल, हॉकी आदि खेलों में भाग लेते हैं। पंजाब और चंडीगढ़ में यह दिन बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। दुनिया भर में हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध भारत के महान व कालजयी हॉकी खिलाड़ी' मेजर ध्यानचंद सिंह' जिन्होंने भारत को ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक दिलवाया, उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए उनके जन्मदिन 29 अगस्त को हर वर्ष भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रपति भवन में भारत के राष्ट्रपति खेलों में विशेष योगदान देने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित करते हैं। जिसमें राजीव गांधी खेल रत्न, ध्यानचंद पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कारों के अलावा तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार प्रमुख है। इस अवसर पर खिलाड़ियों के साथ-साथ उनकी प्रतिभा निखारने वाले कोचों को भी सम्मानित किया जाता है। इसके अतिरिक्त लगभग सभी भारतीय स्कूल और शिक्षण संस्थान राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन अपना सालाना खेल समारोह आयोजित करते हैं। पंजाब और चंडीगढ़ में इस दिन की कुछ अलग ही खासियत होती है।

## सद्भावना दिवस 20 अगस्त




भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी के जन्मदिवस की वर्षगांठ को प्रत्येक वर्ष 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। "सद्भावना दिवस" का उद्देश्य सभी धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के सभी लोगों के बीच राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भावना को बढ़ावा देना है। प्रतिवर्ष सद्भावना दिवस 20 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन राजीव गांधी के जन्मदिन पर मनाया जाता है। इस दिन देशभर के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सदस्य अपने पूर्व नेता राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देकर उनकी फोटो पर माल्यार्पण करते हैं तथा दीप जलाकर उन्हें याद करते हैं,और दिल्ली में स्थित राजीव गांधी के समाधि स्थल वीरभूमि में राजीव गांधी का परिवार, मित्र, रिश्तेदार और कांग्रेस पार्टी के मुख्य लोग वहां इकट्ठे होकर उन्हें श्रद्धा सुमन समर्पित करते हैं। राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को मुंबई में हुआ था।राजीव गांधी की मृत्यु के 1 वर्ष बाद सन 1992 में इसी दिन राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार की स्थापना की गई थी। 21 में 1991 को श्रीपेरंबदूर में लिट्टे द्वारा आत्मघाती बम विस्फोट में उनकी हत्या की गई थी। इस दिन के आयोजन का उद्देश्य राजीव गांधी के द्वारा किए गए उनकी अविस्मरणीय प्रयास, राष्ट्र प्रगति के कार्य तथा उनके द्वारा किए गए अभूतपूर्ण योगदान को याद करना है ,साथ ही राष्ट्र प्रगति के लिए उनके जुनून और योगदान को पूरा करने के लिए करने के लिए सद्भावना दिवस मनाया जाता है। भारत एक विकसित देश बने और भारत का विकास ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, ऐसा राजीव गांधी चाहते थे और उनका यही मानना भी था।

# TEACHERS OF BIHAR

## गुणकारी फल

## अनार







अनार अथवा दाड़िम का वानस्पतिक नाम-प्यूनिका ग्रेनेटम हैं। सबसे पहले अनार के बारे में रोमन भाषियों ने पता लगाया था।शोधकर्ताओं का मानना है कि यह फल लगभग 3000 वर्ष पुराना है। यह कुसुम्बी/लाल रंग का होता है। इसमें सैकड़ों लाल रंग के छोटे पर रसीले दाने होते हैं। अनार विश्व के गर्म देशों में पाया जाता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह एक महत्त्वपूर्ण फल है।अनार में प्रचुर मात्रा में लाभदायक प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर,विटामिन और खनिज पाए जाते हैं। 100 ग्राम अनार खाने पर हमारे शरीर को लगभग 65 किलो कैलोरी ऊर्जा मिलती है।

धीरज कुमार
UMS सिलौटा, भभुआ, कैमूर

# Raksha Bandhan Special

UMS mohanpur,kudra ,ksimu





जकीय मध्य द्यालय मनेर, पटना

## ToB बालमन रक्षा बंधन



UHS कोटा, नुआंव



Ums basaha, Chand Kaimur



NPS सेमरा, भभुआ कैमूर



प्राथमिक विद्यालय जगरिया, चैनपुर, कैमूर



मध्य विद्यालय सोनहन, कैमूर



राजकीय बुनियादी विद्यालय चांद, कैमूर



उत्क्रमित मध्य विद्यालय पाढ़ी चांद, कैमूर



मध्य विद्यालय चांद, कैमूर



मध्य विद्यालय शिवगंज, डेहरी, रोहतास



UMS सोनाव कुदरा कैमूर




Raksha Bandhan Special

## घुड़सवारी

### वास्वी खैतान ने जीती FEI टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप: बनी पहली भारतीय घुड़सवार, जर्मनी के हेगन में बजा भारत का राष्ट्रगान




भारत की युवा घुड़सवार वास्वी खैतान ने जर्मनी के हेगन ATW में पर आयोजित FEI टुएटो राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप 2024 का खिताब जीत लिया है। वह इस चैंपियनशिप को जीतने वाली पहली भारतीय घुड़सवार बन गई हैं।




## कुश्ती

**कुश्ती** एक लड़ाकू खेल है जिसमें ग्रैपलिंग-प्रकार की तकनीक शामिल है जैसे कि क्लिंच फाइटिंग, थ्रो और टेकडाउन, जॉइंट लॉक्स, पिन्स और अन्य ग्रैपलिंग होल्ड। खेल तो वास्तव में प्रतिस्पर्धी या खेल मनोरंजन भी हो सकता है। कुश्ती विभिन्न प्रकारों में आती है, जैसे कि लोक शैली, फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन, कैच, सबमिशन, जूडो, सैम्बो और अन्य। कुश्ती का मुकाबला दो (कभी-कभी अधिक) प्रतियोगियों या विरल भागीदारों के बीच एक शारीरिक प्रतियोगिता है, जो एक बेहतर स्थिति हासिल करने और बनाए रखने का प्रयास करते हैं। पारंपरिक ऐतिहासिक और आधुनिक दोनों शैलियों के साथ अलग-अलग नियमों के साथ शैलियों की एक विस्तृत श्रृंखला है। कुश्ती तकनीकों को अन्य मार्शल आर्ट के साथ-साथ सैन्य हाथ से हाथ लड़ने वाली प्रणालियों में शामिल किया गया है।



# ToB बालमन




## रोचक गणित

- 13 और 31 ऐसी अदभुत संख्याओं के युग्म है कि वे और इनके वर्ग 169 और 961 एक दूसरे के अंक पलटने से प्राप्त होते है।
- 12और 21 ऐसी अदभुत संख्याओं के युग्म है कि वे और इनके वर्ग 144 और 441 एक दूसरे के अंक पलटने से प्राप्त होते है।
- 102 और 201 ऐसी अदभुत संख्याओं के युग्म है कि वे और इनके वर्ग 10404और 40401 एक दूसरे के अंक पलटने से प्राप्त होते है।



कुमार राकेश मणि
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा नुआंव कैमूर

ToB बालमन

# दर्शनीय स्थल

अगस्त 2024

## भारत पर्यटन: गुप्ता धाम

बिहार के रोहतास जिले में कैमूर पहाड़ी पर गुफा में स्थित गुप्ताधाम में बने गुप्तेश्वर महादेव मंदिर की ख्याति शैव केन्द्र के रूप में है।शिवलिंग रूपी चूने के निक्षेप से बनी छोटी चट्टान को गुप्तेश्वर महादेव कहा जाता है। गुफा कितनी पुरानी है, इसके कोई प्रमाण नहीं है लेकिन इसकी बनावट को देखकर लगता है कि यह गुफा मानव निर्मित है। कहा जाता है कि अपने दिए हुए वरदान के चलते ही भगवान शिव को भस्मासुर राक्षस के डर से इस गुफा में छुपना पड़ा था जिसे मारने के लिए भगवान विष्णु को मोहिनी रूप धारण करना पड़ा था। भगवान शिव त्रिदेवों में से एक हैं और उनके इस धाम तक पहुंचने का रास्ता काफी कठिन है।

बिहार के रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड में गुप्ताधाम है। यहां जाने के तीन रास्ते हैं। चेनारी के रास्ते उगहनी घाट , सासाराम के नजदीक आलमपुर के रास्ते पनियारी घाट की दुर्गम चढ़ाई द्वारा यहां पैदल पहुंचा जाता है। एक साहसिक एवं सुखद यात्रा, जिसमें पहाड़ के उतार-चढ़ाव, झरने, नदियां, जंगल सब रास्ते में मिलते हैं। पांच पहाड़ और दुर्गावती नदी को पार करना एक रोमांचक क्षण बन जाता है। गर्मी के मौसम में करमचट डैम के रास्ते निजी गाड़ी से भी जाने का रास्ता है।

गुफा में शिवलिंग के ऊपर हमेशा जो पानी टपकता रहता है, वह कहां से आता है, इसका आज तक पता नहीं चल पाया है। यह पानी कहां से आता है, आज तक कोई इसका पता नहीं लगा पाया है। हालांकि इस जल को यहां आने वाले लोग प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। गुप्ताधाम से लगभग डेढ़ किलोमीटर दक्षिण में सीता कुंड है, जिसका जल बराबर ठंडा रहता है। यहां स्नान करना एक अद्भुत आनंद है। बिहार के ऐतिहासिक गुप्तेश्वर महादेव में बक्सर से गंगाजल लेकर शिवलिंग पर चढ़ाने की पुरानी परंपरा चली आ रही है। खासतौर से शिवरात्रि के दिन बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ यहां तक की नेपाल से भी भक्त आते हैं।
















कुमार राकेश मणि
(प्रधानाध्यपक)
UHS कोटा, नुआंव
(कैमूर) बिहार

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी विशेष



प्रा0 वि0 प्रखंड कॉलोनी फुलवारी शरीफ पटना



UMS सिलौटा, कैमूर



म॰वि॰सुरीगाँव बायसी पूर्णियाँ




NPS ढढणिया, कैमूर

# ToB SCIENCE TLM

PART- 1

## धातु और अधातु

कक्षा 10

### धातु और अधातु के भौतिक गुणों में अन्तर

| धातु (Metal) | अधातु (Non - Metal) |
|---|---|
| **कठोरता (Hardness )** | |
| धातुएं प्रायः कठोर होती हैं। | अधातुएं प्रायः नरम एवं भंगुर होते हैं। |
| अपवाद (Exception) | |
| लीथियम, सोडियम, पोटेशियम और पारा | हीरा |
| **आघातवर्धनीयता (Malleability)** | |
| धातुएं प्रायः आघातवर्धनीय होते हैं। | अधातूएं आघातवर्धनीय नही होते हैं। |
| अपवाद (Exception) | |
| पारा एवं जिंक (कमरे के ताप पर) | |
| **चमक (Lustre)** | |
| धातुओं में एक विशेष चमक होती है। | अधातुओं में चमक नही होती है। |
| अपवाद (Exception) | |
| | आयोडीन और ग्रेफाईट |

कक्षा 7 विज्ञान

## पौधों में जनन

### बीजों का प्रकीर्णन

* बीजों का एक जगह से दूसरे जगह स्थानान्तरण ही बीजों काप्रकीर्णन कहलाता है। यह प्रक्रिया फलों के पकने के बाद होता हैं।
* बीजों के आकार एवं संरचना के आधार पर प्रकीर्णन होता है।



* पंखयुक्त हल्के और रोम युक्त बीज हवा के एक जगह से दूसरे जगह जाते हैं। जैसे मदार, सूर्यमुखी और घास
* नारियल का आवरण स्पंजी होने के कारण जल की धारा के साथ एक जगह से दूसरे जगह जाकर उग जाते हैं।
* कांटेदार एवं हूक जैसे बीज जंतुओं के द्वारा एक जगह से दूसरे जगह पहुँच जाते हैं।
* पीपल और बरगद के बीज चिड़ियों के द्वारा एक जगह से दूसरे जगह पहुँच जाते हैं।मल के साथ यह बीज बाहर निकलकर अंकुरित हो जाता हैं।

राजेश कुमार सिंह, विज्ञान शिक्षक , कैमूर

Rakesh kumar

# शादी के कार्ड्स पर छपे शब्दों की कहानियां

**चिरंजीवी**

दूल्हे के नाम के पहले लिखा जाने वाला शब्द। पौराणिक कथाओं में चिरंजीवी एक ब्राह्मण का पुत्र था, जिसे अमर होने का वरदान था

**आयुष्मती**

दुल्हन के नाम के पहले आयुष्मती या सौभाग्यवती लिखा जाता है। आयुष्मती नाम की ब्राह्मण कन्या को यमराज ने लंबी उम्र का वरदान दिया। उसकी शादी भगवान विष्णु से हुई


**दर्शनाभिलाषी**

कार्ड पर परिवार और बिरादरी के सभी प्रमुख लोगों के नाम लिखे जाते हैं। एमपी और राजस्थान में कार्ड पर जाति के मुखिया का नाम भी लिखा जाता है

**स्वागताकांक्षी**


स्वागत की आकांक्षा रखने वाला। अमूमन घर के सबसे बुजुर्ग या बड़े ओहदे वाले शख्स का नाम स्वागताकांक्षी के बतौर दर्ज कराया जाता है

# ToB बालमंच भाग 1



Name Anshika Pallavi from class 7 at PM Shri kv kankarbagh Patna Bihar.
गणपति बप्पा मोरया
पटना


satyam kr 5th
ums jhitkahiyan rampur,Vaishali
वैशाली


ा0 वि0 प्रखंड कॉलोनी
फुलवारी शरीफ पटना



टेसू राजा
गोपालगंज


किशनगंज
नाम- सैका नाज
कक्षा- 4
ठाकुरगंज
15TH
August
SaikaNaz


खगड़िया
गणेश कुमार
कक्षा:- 03

# ToB बालमंच भाग 2


Suhani suman Samastipur


कटिहार
सपना कुमारी
वर्ग- आठ
उत्क्रमित मध्य
विद्यालय चाँपी कोढ़ा
कटिहार

# ToB बालमन शिक्षण अधिगम सामग्री (AUGUST 2024 )

## पहले और बाद की संख्या

* कक्षा जिसके लिए TLM उपयुक्त है:- 1 एवं 2

* विषय जिससे TLM संबंधित है:- गणित

* बनाने की विधि:- रंगीन चार्ट पेपर के दो टुकड़े मछली की आकृति में काट लेंगे। एक टुकड़े पर चित्रानुसार बीच में तीन समान आकार के विंडो बनाएंगे तथा एक तरफ पतला लम्बा गैप बनाएंगे जिससे होकर मुठिया आगे पीछे आ जा सके।अब एक वायरिंग पट्टी के निचले हिस्से को फेविकोल की सहायता से मछली के एक भाग पर चिपका देंगे। पट्टी के उपर वाले भाग पर 0-9 तक की संख्याओं को इस तरह अंकित करेंगे की कोई तीन क्रमागत संख्याएं विंडो से साफ साफ दिखाई दें।उपर वाले पट्टी के एक छोर पर पीन के सहारे एक मुठिया लगा देंगे।बीच वाले विंडो पर "संख्या" लिखेंगे। पहले वाले विंडो पर "पहले" तथा बाद वाले विंडो पर "बाद" लिख देंगे।अब मुठिया को पकड़कर पट्टी को आगे पीछे करेंगे।इस तरह बीच वाले विंडो में जो अंक प्रदर्शित होगा उसके पहले वाले विंडो में पहले की संख्या तथा बाद वाले विंडो में बाद वाली संख्या होगी।

इस तरह से बच्चों को पहले तथा बाद वाली संख्या की जानकारी दी जा सकती है।






## TLM निर्माणकर्ता

नाम:- अवधेश राम
विद्यालय का नाम:- उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहुआरा
प्रखंड:- भभुआ
जिला:- कैमूर
whatsapp no. :- 8581943379
email id:- awadheshram54@gmail.com

**Teachers of Bihar**

The change makers

## जयंती विशेष 23 अगस्त

राकेश कुमार




**शिवराम हरि राजगुरु** *Rajguru*; जन्म- 24 अगस्त, 1908, पुणे, महाराष्ट्र; बलिदान- 23 मार्च, 1931, लाहौर) भारत के प्रसिद्ध वीर स्वतंत्रता सेनानी थे। ये सरदार भगत सिंह और सुखदेव के घनिष्ठ मित्र थे। इस मित्रता को राजगुरु ने मृत्यु पर्यंत निभाया। देश की आजादी के लिए दिये गये राजगुरु के बलिदान ने इनका नाम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित करवा दिया। राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव का बलिदान आज भी भारत के युवकों को प्रेरणा प्रदान करता है।





**नोबेल पुरस्कार एवं भारत रत्न से सम्मानित मिशनरी ऑफ चैरिटी की संस्थापक**

# मदर टेरेसा

**की जयंती पर कोटि-कोटि नमन**

जन्म: 26 अगस्त 1910 - मृत्यु : 5 सितंबर 1997

*Madhu priya*

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 1



मध्य विद्यालय शिवगंज, डेहरी, रोहतास



मध्य विद्यालय लत्तीपुर, भागलपुर के बच्चो को मिला पुरस्कार



प्राथमिक विद्यालय बड़की बलियारी , बिक्रम, पटना के छात्र राजहंस कुमार ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 2

TEACHERS OF BIHAR THE CHANGE MAKERS







राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, कुचायकोट गोपालगंज



म०वि०सुरीगाँव बायसी ,पूर्णियाँ



महाबल भृगुनाथ+2 उच्च विद्यालय, कोरीगावां बहेरा कैमूर




UHS कोटा, नुआंव , कैमूर



# फोटो ऑफ द मंथ भाग 3



UMS अर्रा, मोहनियां, कैमूर



UMS सिलौटा, कैमूर



प्राथमिक विद्यालय जगरिया, कैमूर



हेकॉक मध्य विद्यालय लहरियासराय दरभंगा बिहार



प्राथमिक विद्यालय देवरिया, मोहनियां, कैमूर




UMS सिलौटा, कैमूर

# फोटो ऑफ द मंथ भाग



छठ पूजा कक्षा - 4
UMS बरना कुदरा,कैमूर



UMS खैरा भभुआ, कैमूर



मध्य विद्यालय बम्हौर, मोहनियां, कैमूर




रा. उ. म. वि . सेनुअरिया
प.चंपारण






प्रथमिक विद्यालय मोहमदपुर, मोहनियां

# शिक्षा शब्दकोश

[redacted]

## सूक्ति

सूक्ति एक संक्षिप्त वाक्य होता है जो कि अत्यन्त सारगर्भित होता है। जिसका जी भाव पल्लवन करने पर बड़ी व्याख्या प्राप्त होती है। सूक्तियों का प्रयोग चौपाई छंद दोहा आदि में किया जाता है इनसे भाषा चुटीली एवम् सारगर्भित हो जाती है।

# News coverage







## बिहपुर के मवि लत्तीपुर की छात्रा को राज्यस्तरीय टैलेंट हंट प्रतियोगिता में मिला दूसरा स्थान



**राजकिशोर साह/भागलपुर ब्यूरो**

**बिहार कथा:**बिहपुर प्रखंड के मवि लत्तीपुर की छात्रा रिया कुमारी को राज्यस्तरीय लोक गायन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर अपने स्कूल व प्रखंड को गौरवान्वित किया है।मालूम हो कि टीचर्स ऑफ बिहार के द्वारा बालमन टैलेंट हंट लोकगीत गायन प्रतियोगिता आयोजित किया गया था।शिक्षिका सुमोना रिंकु घोष ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय की दो छात्राओं ने भाग लिया था।इस प्रतियोगिता में वर्ग छठी से आठवीं के ग्रुप में प्रखंड के मवि लत्तीपुर की दो छात्राओं/रिया कुमारी और कोमल कुमारी ने भाग लिया था ।इस प्रतियोगिता में छात्रा रिया कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था।इधर सोमवार को स्कूल में छात्रा रिया को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया।वहीं कुरियर से आए प्रमाणपत्र व पुरस्कार भी रिया को प्रदान किया गया।इस मौके पर प्रधानाध्यापक अजय कुमार चौधरी,देवकांत भारती,विकास रविदास,गोपालनंदन,रोखसर,पीयूष कुमार,अंजु कुमारी,साकेत कुमार रंजन,नंदनी कुमारी व पूनम यादव समेत स्कूल के छात्र-छात्राओं की मौजूदगी थी। बताया गया कि प्रतियोगिता का परिणाम गत पांच जून को पर्यावरण दिवस के मौके पर घोषित किया गया था।जबकि प्रतियोगिता के लिए लोकगीत का रिकार्ड किया गया

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



# Thank You

अगर आपको पत्रिका अच्छी लगी हो तो कृपया इसे अधिक से अधिक शेयर करे।

यदि आपके कोई सुझाव हो तो 9431680675 पर संपर्क कर सकते है।

www.teachersofbihar.org